आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 116 ● कटनी ● रविवार, 29 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## आईपीएल फाइनल आज

**अहमदाबाद, एजेंसी।** दो महीने पहले जब आईपीएल का 15वां सीजन शुरू हुआ था, तब किसी ने नहीं सोचा होगा कि 29 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस के लिए गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन उतरेंगे। लीग के 73 मैच खत्म होने के बाद अब खिताब की दहलीज पर खड़ी दोनों टीमों का बहुत कुछ दांव पर लगा है।

### एआर रहमान और रणवीर सिंह देंगे प्रस्तुति

आईपीएल में चार साल बाद फिर समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बार मशहूर गायक एआर रहमान और रणवीर सिंह समापन समारोह का हिस्सा बनेंगे। आईपीएल 2022 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स की टीम खिताब जीतने के लिए आमने-सामने होंगी। यह मैच शाम 7:30 बजे की बजाय रात आठ बजे शुरू होगा। मैच से पहले आईपीएल के समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आईपीएल में चार बाद समापन समारोह आयोजित होगा। इससे पहले साल 2018 में इसका आयोजन हुआ था। इसके बाद इसे बंद कर दिया गया था। साल 2019 में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के शोक के चलते इसका आयोजन नहीं हुआ था।

### ट्रक में सामने से घुस गई मिनी बस

# बहराइच में सड़क हादसे में 7 की मौत, 9 घायल

- कर्नाटक से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे

**बहराइच, एजेंसी। बहराइच के सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 9 लोगों की हालत गंभीर है। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र में नानपारा लखीरपुर मार्ग पर नैनिहा के पास हादसा हुआ है।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है।मिनी बस और ट्रक में भीषण टक्कर हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मिनी बस का आधा हिस्सा ट्रक में घुस गया। सवार उसमें फंसे ही रह गए थे। बाद में मिनी बस को कटर से काटकर किसी तरह लाशों और घायलों को निकाला गया। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि मिनी बस में सवार 7 लोग की मौत हो गई है। मरने वालों में चार पुरुष व तीन महिलाएं शामिल हैं। यह सभी लोग कर्नाटक से अयोध्या आ रहे थे। परिजनों को सूचना दे दी गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में सिर्फ एक की पहचान हुई है। मनमच (36) पुत्र अज्ञात निवासी सुल्तानपुर कर्नाटक के थे।

### सुबह तड़के हुआ हादसा

हादसा सुबह साढ़े 5 के करीब हुआ। नानपारा हाईवे पर दोनों ही गाड़ियां तेज स्पीड से आ रही थीं। अचानक सामने मोड़ आ गया। दोनों ही ड्राइवर गाड़ी कंट्रोल नहीं कर सके और आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। लोगों ने रुककर मिनी बस में फंसे लोगों को बचाना शुरू कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देखकर नहीं लग रहा था कि इसमें कोई बचा होगा। खून से लथपथ शव निकालते हुए उनके हाथ कांपने लगे थे। मिनी बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। लोगों ने बताया कि इस मोड़ पर अक्सर हादसे हो जाते हैं।

### कार सवार दोस्तों को ट्रक ने 30 मीटर तक घसीटा, दो की मौत, तीसरा घायल



**खंडवा, एजेंसी।** पंधाना रोड के पांजरिया गांव के पास शनिवार रात 11.30 बजे तेज रफ्तार ट्रक और कार में भि?ंत हो गई। टक्कर के बाद कार को 30 मीटर तक ट्रक घसीटकर ले गया। उसके बाद रोड से नीचे गड्ढे में दोनों वाहन पलट गए। कार चकनाचूर हो गई। उसमें सवार तीन दोस्तों में से दो की मौत हो गई जबकि तीसरे दोस्त की हालत नाजुक बनी हुई है।सीएसपी पूनमचंद्र यादव ने बताया कि रात को टैगोर कॉलोनी में रहने वाले मोंटी उर्फ शशांक अवस्थी दोस्त राहुल गोस्वामी और प्रियांशु पटेल के साथ कार लेकर खंडवा से पंधाना की ओर निकले थे। पांजरिया गांव के पास जब ये पहुंचे तो सामने से केले भरकर बुरहानपुर से आजमग? जा रहे ट्रक ने इन्हें टक्कर मार दी। कार और ट्रक इतनी तेज भिड़े कि कार का अगला भाग ड्राइवर सीट तक पिचक गया। उसके बाद ट्रक ड्राइवर ने ब्रेक लगाया। ट्रक की रफ्तार इतनी थी कि ब्रेक के बाद भी 30 मीटर तक कार को वह घसीटकर ले गया। उसके बाद दोनों वाहन रोड से नीचे उतरकर पलट गए। कार का अगला भाग ट्रक में दबा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी ट्रक चालक और कंडक्टर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### कानपुर देहात : बॉयलर फटने से बड़ा हादसा, 1 की मौत 4 घायल



**कानपुर देहात, एजेंसी।** यूपी के कानपुर देहात जिले में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया. जब एक प्राइवेट कंपनी में अचानक से फैक्ट्री का बॉयलर फट गया, जिसमें 1 मजदूर की मौत हो गई. वहीं, 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया.हादसा कानपुर देहात के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के रनियां स्थित फ्रांटियर स्प्रिंग कंपनी में हुआ. बताया जा रहा है कि कंपनी में अचानक जोरदार धमाका हुआ. उसके बाद स्प्रिंग बनाने वाली फैक्ट्री का बॉयलर फट गया. मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री में लापरवाही की वजह से हादसा हुआ है. मजदूरों को बिना सेफ्टी यूनिफॉर्म के काम कराया जा रहा था. फिलहाल सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया है. वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है.



## राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने उज्जैन में किया आयुर्वेद महासम्मेलन का शुभारंभ

**सीएम और राज्यपाल ने बताया महत्व**

**उज्जैन, एजेंसी।** देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द रविवार सुबह हेलीकाप्टर से उज्जैन पहुंचे। उन्होंने कालिदास अकादमी के पंडित सूर्यनारायण व्यास संकुल में होने वाले अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के 59वें अधिवेशन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में सीएम शिवराज ने कहा कि मैं महाकाल की पवित्र धरती पर राज्य की जनता की ओर से राष्ट्रपतिजी का स्वागत करता हूं। उन्होंने राज्यपाल का भी स्वागत किया। यहां त्रिवेणी संगम है और महामहिम पवित्र कार्य के लिए पधारे हैं। यह अनादि काल से ज्ञान, वैराग्य की धरती है और यहां से लोक सेवा की प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अपने संबोधन में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही रोगों के उपचार में आयुर्वेद की अहम भूमिका रही है। कोविड के खिलाफ लड़ाई में हमारी प्राचीन उपचार पद्धतियां कारगर रही हैं। भारत में आयुर्वेद का विकास लाभकारी और आशाओं का केंद्र है। आज इसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति के अनुरूप मान्यता की जरूरत है।

## बीजेपी ने ओबीसीको धोखा दिया : नाथ

**भोपाल, यशभारत।** ।मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव का ऐलान हो गया है। इस बीच कांग्रेस ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। कमलनाथ ने कहा कि बीजेपी ने ओबीसी को आरक्षण में धोखा दिया है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने शनिवार को मीडिया से कहा कि बीजेपी ने ओबीसी आरक्षण को लेकर झूठ प्रचार किया। उन्होंने आकड़े बताते हुए कहा कि प्रदेश में जिला पंचायत सदस्य के 875 पद है। इसमें ओबीसी को 98 पद ही मिले है। जो कि 11.2त्न है। 19 जिलों में जिला पंचायत सदस्य का एक भी पद ओबीसी को नहीं मिला। वहीं, जनपद पंचायत अध्यक्ष के 313 पद है। इनमें 30 पद ओबीसी को मिले है। यानी 9.5त्न। 28 जिलों में जनपद अध्यक्ष का एक भी पद ओबसी को नहीं मिला। वहीं, जनपद पंचायत सदस्य के 6771 पद है। इसमें 780 पद ओबीसी को मिले है। यानी 11.5त्न। यानी 10 जिलों में जनपद पंचायत सदस्य का एक भी पद ओबीसी को नहीं मिला है। सरपंच के कुल 22 हजार 424 पद है। इसमें 2821 पद ओबीसी को मिले है। जो 12.5त्न है। कमलनाथ ने कहा कि बीजेपी ने ओबीसी के साथ आरक्षण के नाम पर धोखा किया है।

# नेपाल की तारा एयरलाइन का विमान हुआ लापता

एजेंसी। भारत के पड़ोसी देश नेपाल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां पोखरा से जोमसोम के लिए उड़ान भरने वाले तारा एयरलाइंस के विमान 9 ह्वश्वञ्ज का संपर्क टूट गया है। जानकारी के अनुसार यह विमान 9.55 बजे उड़ान भरी थी। लापता विमान में 4 भारतीय, 3 जापानी तथा शेष नेपाली नागरिक थे। डबल इंजन विमान में चालक दल सहित कुल 22 यात्री थे।

### माउंट धौलागिरी से मुड़ने के बाद टूटा था संपर्क

मुख्य जिला अधिकारी नेत्र प्रसाद शर्मा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि विमान को मस्टैंग जिले में जोमसोम के आसमान के ऊपर देखा गया था और फिर माउंट धौलागिरी की ओर मोड़ दिया गया था, जिसके बाद इसका संपर्क टूट गया। वहीं जिला पुलिस कार्यालय मस्टैंग के डीएसपी राम कुमार दानी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि हम तलाशी अभियान के लिए इलाके में हेलीकॉप्टर तैनात कर रहे हैं।




### विमान की तलाशी के लिए दो हेलीकॉप्टर किए गए तैनात

नेपाली गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फदींद्र मणि पोखरेल ने कहा कि लापता विमान की तलाशी के लिए मस्टैंग और पोखरा में दो निजी हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। नेपाली सेना के हेलिकॉप्टर को भी तलाशी के लिए तैनात करने की तैयारी की जा रही है।

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने हिजबुल के 2 आतंकियों को मार गिराया

**गोला-बारूद बरामद**
**4 दिनों में 12 आंतकी मारे गए**

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। कश्मीर पुलिस ने बताया कि आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। कश्मीर में पिछले चार दिन में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ 5 मुठभेड़ हुई हैं, जिसमें 12 आतंकियों को ढेर किया जा चुका है।

### हिजबुल मुजाहिदीन से कनेक्शन था

आईजी पुलिस विजय कुमार ने बताया कि मारे गए आतंकियों की पहचान इश्फाक अहमद गनी निवासी चकवांगुंड, अनंतनाग और यावर अयूब डार, निवासी डोगरीपोरा ,अवंतीपोरा के रूप में हुई है। ये दोनों आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सदस्य थे। दोनों कई वारदातों में शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि बिजबिहाड़ा के शीतिपोरा में आतंकवादियों के होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान एक घर में छिपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया।



### आगामी अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने का प्लान था

सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि इश्फाक मार्च 2020 से और यावर दिसंबर 2021 से आतंकवादी वारदातों में एक्टिव था। दक्षिण कश्मीर में तैनात एक बड़े सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने हिजबुल मुजाहिदीन को एक बड़ा झटका दिया है। आगामी अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए आतंकवादियों ने प्लान बनाया था।

## जमशेदपुर के टायर गोदाम में आग

**झारखंड, एजेंसी।** झारखंड के जमशेदपुर के टायर गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। यह आग इतनी भयावह है कि पांच किलोमीटर तक के इलाके में इसका धुआं फैल गया है, जिससे लोगों को सांस लेने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के बाद फायर ब्रिगेड की गई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। पिछले नौ घंटे से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के बताया, आग देर रात मानगो के हिलव्यू इलाके से सटे एक टायर गोदाम में लगी है, जिसे काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले नौ घंटे से यहां राहत कार्य जारी है। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

### आसपास के इलाके खाली कर रहे लोग

बताया जा रहा है कि आग फैलती ही जा रही है और आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। इसके बाद लोग दुकानें व मकान खाली कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा रहा है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## जमीयत के अधिवेशन का आज दूसरा दिन, मुस्लिम धर्मगुरुओं ने रखा प्रस्ताव- कॉमन सिविल कोड बर्दाश्त नहीं



**देवबंद, एजेंसी।** देवबंद में जमीयत के अधिवेशन के प्रथम चरण में कई प्रस्ताव पेश किए गए, साथ ही कुछ अहम सुझाव दिए गए। अधिवेशन के दूसरे दिन आज कॉमन सिविल कोड पर भी प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान मौलानाओं ने कहा कि कॉमन सिविल कोड किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के दो दिवसीय अधिवेशन में उलमा देश के मौजूदा हालात समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। अंतिम दिन आज कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगेगी, कई अहम निर्णय भी लिए जाएंगे।वही अधिवेशन के पहले दिन देश में नफरत के बढ़ते हुए दुष्प्रचार को रोकने के उपायों पर विचार किए जाने और इस्लामोफोबिया की रोकथाम के विषय में प्रस्ताव व सुझाव प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। सद्भावना मंच को मजबूत करने पर विचार संबंधी प्रस्ताव रखा गया। जिसके तहत विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के लोगों की संयुक्त बैठक करना, आम नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करना, मजदूर भाइयों, किसानों और पिछड़े लोगों की सेवा करना, अनाथ, विधवाओं और मजबूर लोगों की मदद करना, नवयुवकों को नशे की आदत और यौन भटकाव से बचाने के लिए मिलजुलकर प्रयास करना, संवेदनशील धार्मिक मुद्दों (जैसे गोरक्षा, धर्मस्थलों में लाउडस्पीकर का उपयोग, त्योहारों के मौके पर सार्वजनिक जगहों का इस्तेमाल) आदि की समस्या कहीं हो तो उसका शांतिपूर्ण समाधान खोजना आदि सुझाव पेश किए गए। इस सभी सुझावों पर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। जिस पर आज अंतिम चरण के अधिवेशन में मुहर लगेगी।

## सुरक्षा बलों ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन, भारत में घुसने की कर रहे थे कोशिश

**एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने सीमा पार कर आ रहे एक ड्रोन को मार गिराया है। पुलिस के मुताबिक घटना राजबाग थाना क्षेत्र के तल्ली हरिया चक की है जहां एक पाकिस्तानी ड्रोन भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। ड्रोन के साथ एक पेलोड अटैचमेंट है जिसकी जांच बम निरोधक विशेषज्ञ कर रहे हैं।

## देश में यूनिकॉर्न की संख्या 100 से ज्यादा हुई

उन्होंने कहा- इस महीने 5 तारीख को देश में यूनिकॉर्न की संख्या 100 के आंकड़े तक पहुंच गई है और आपको तो पता ही है, एक यूनिकॉर्न, यानी, कम-से-कम साढ़े सात हज़ार करोड़ रूपए का स्टार्टअप। आपको यह जानकर भी हैरानी होगी, कि, हमारे कुल यूनिकॉर्न में से 44, पिछले साल बने थे । इतना ही नहीं, इस वर्ष के 3-4 महीने में ही 14 और नए यूनिकॉर्न बन गए।

उन्होंने आगे कहा- इन यूनिकॉर्न का कुल वैल्यूएशन 330 अरब डॉलर, यानी 25 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। इसका मतलब यह हुआ कि वैश्विक महामारी के इस दौर में भी हमारे स्टार्टअप, वेल्थ और वैल्य करते रहे हैं ।


यह कार्यक्रम ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट किया जा रहा है। इसके अलावा यह AIR ‹यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित होगा। कार्यक्रम AIR न्यूज, डीडी न्यूज, PMO और इन्फर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग मिनिस्ट्री के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

# पीएम मोदी ने कहा- स्टार्टअप की दुनिया न्यू इंडिया का रिफलेक्शन

**मन की बात**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में लोगों से चर्चा कर रहे हैं। यह इस रेडियो प्रोग्राम का 89वां एडिशन है। इस एडिशन में पीएम मोदी स्टार्टअप के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने देश के स्टार्टअप सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि- आप लोग क्रिकेट के मैदान पर टीम इंडिया के किसी बल्लेबाज की सेंचुरी सुन कर खुश होते होंगे, लेकिन, भारत ने एक और मैदान में सेंचुरी लगाई है और वो बहुत विशेष है।*

मोदी ने ने 3 अक्टूबर 2014 को इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी और इसका मकसद जनता के मुद्दों



और गवर्नेंस को लेकर सीधा संवाद स्थापित करना है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और लता मंगेशकर जैसी हस्तियां इस प्रोग्राम में गेस्ट रह चुकी हैं।

### युवाओं की दिलचस्पी से PM को खुशी

प्रधानमंत्री मोदी ने 89वें एपिसोड को लेकर कहा था कि उन्हें इसके लिए बहुत सारे सुझाव मिले हैं। उन्होंने खुशी जाहिर की कि युवाओं ने बड़ी तादाद में अपनी राय शेयर की है। उन्होंने पिछले महीने के मन की बात को लेकर एक बुकलेट भी शेयर की। इसमें उन मुद्दों पर इंट्रेस्टिंग आर्टिकल हैं, जिन पर मन की बात में चर्चा हुई।

### पिछले महीने डिजिटल इकोनॉमी और म्यूजियम पर चर्चा की

पिछले महीने मन की बात कार्यक्रम के दौरान मोदी ने संग्रहालयों की चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि इस बार सबसे ज्यादा चिट्ठियां नए प्रधानमंत्री संग्रहालय को लेकर आई हैं। म्यूजियम में डिजिटाइजेशन पर भी फोकस बढ़ा है। इस दौरान उन्होंने कहा था कि छोटे-छोटे पेमेंट ने बड़ी डिजिटल इकोनॉमी को आकार दिया।

# सागर पुलिया में सड़क निर्माण काम आ रहा फ्लाईओव्हर ब्रिज





**कटनी।** कटनी शहर में बने फ्लाई ओव्हर इन दिनों बड़ा काम आ रहा है। दरअसल मिशन चौक सागर पुलिया के नीचे सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इस दौरान ट्रेफिक व्यवस्था ओव्हर ब्रिज पर डायवर्ट की गई है। इसी के चलते ओव्हर ब्रिज का उपयोग लोग कर रहे हैं। फ्लाईओव्हर की उंचाई तथा इसके घुमाआदार रास्ते को लेकर तमाम तरह की शंकाएं लोगों के मन में थीं। इसका रास्ता भी काफी सकरा था, पर अब करीब एक माह व्यतीत होने के बाद इन सारी शंका कुशंका का समापन हो गया। इस फ्लाईओव्हर के रेलवे के हिस्से के कार्य पूर्ण होने के बाद जब इसका इसका फस्ट लुक सामने आया जो शहर वासियों को रोमांचित कर गया था। आपको बता दें कि कटनी शहर का यह ओव्हर ब्रिज जो फ्लाईओव्हर के रूप में बनाया गया है। कोविड काल में भी इस ओव्हर ब्रिज का काम चालू था। ब्रिज निर्माण की बात जब लोगों को पता लगी तो लोगों और तो और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भी विरोधाभाष होने लगा। लेकिन अंततः काम शुरू हुआ और आज ब्रिज लगभग रिकार्ड समय में बन कर तैयार हो गया। कटनी शहर में यह ओव्हर ब्रिज नीचे से देखने पर तो मेट्रो रेल के ट्रेक जैसा प्रतीत होता है, उंचाई ज्यादा होने के कारण फ्लाई ओव्हर से दुर्घटना की आशंका भी जताई गई लेकिन बीते दिन जब ओव्हर ब्रिज का फर्स्ट लुक सामने आया तो लोगों को सुकून मिला था। ओव्हर ब्रिज में दोनों तरफ बड़ी बाउंड्रीवाल बनाई गई साथ ही इसमें फेंसिंग भी कराई गई थी। अब यह फ्लाईओव्हर बड़े काम का बन गया है।

### रेल के ब्रिज बनने के बाद होगा कटनी का नाम

देश में सबसे बड़ा ग्रेड सेपरेटर भी कटनी में बना रहा है। करीब 35 किमी लंबा ग्रेड सेपरेटर कटनी-बीना खंड पर ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ाएगा और उनका समय भी बचाएगा। इसे तकनीकी भाषा में उड़ता जंक्शन भी कहते हैं. यह देश का सबसे लंबा रेलवे ओवर ब्रिज है। जब यह आरओबी बनकर तैयार हो जाएगा तो ट्रेनें उसके ऊपर से गुजरेंगी। इस ग्रेड सेपरेटर के बन जाने से कटनी को जाम से मुक्ति मिलेगी. पश्चिम मध्य रेलद्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में जबरदस्त रफ्तार से विस्तार किया जा रहा है. कोविड-19 कि चुनौतियों के बावजूदअपने इंफ्रास्ट्रक्चर के काम को मजबूती प्रदान की है। इसी श्रंखला में जबलपुर मण्डल के कटनी में ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट वर्ष 2016 में स्वीकृत हुआ था. रेल सूत्रों के मुताबिक इसमें उच्च गुणवत्ता वाले मैटेरियल एवं तकनीक के साथ हैवी मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है. इसके तहत 2.6 लाख क्यू-एम कंक्रीट, 37000 मीट्रिक टन स्ट्रक्चरल स्टील का उपयोग किया जा रहा है. यह देश का सबसे बड़ा ग्रेट सेपरेटर होगा. इस परियोजना की कुल निर्माण कार्य लागत 1247.64 करोड़ रुपये है. इस निर्माण कार्य का 25 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है. यह प्रोजेक्ट दिसंबर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाले मैटेरियल एवं तकनीक के साथ हैवी मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है. इसके तहत 2.6 लाख क्यू-एम कंक्रीट, 37000 मीट्रिक टन स्ट्रक्चरल स्टील का उपयोग किया जा रहा है. यह देश का सबसे बड़ा ग्रेट सेपरेटर होगा. इस परियोजना की कुल निर्माण कार्य लागत 1247.64 करोड़ रुपये है. इस निर्माण कार्य का 25 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है. यह प्रोजेक्ट दिसंबर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।



# प्री मानसूनी बारिश भी नहीं कर पाई जलसंकट का हल

## शहर के कई वार्डों तथा अनेक ग्रामों में निरंतर नीचे जा रहा जल स्तर, वर्षा जल को संग्रहित करने की योजना नहीं

**कटनी।** पिछले वर्ष औसत से बादल कम बरसे। इसके कारण स्थिति यह बनी की नवंबर से ही जिले में जल संकट की स्थितियां बनने लगीं थी। नगरनिगम ने शहर में नवंबर माह से ही एक टाइम जल सप्लाई की थी जो जून आते-आते तीन दिन एक टाइम हो गई। इस बार नागरिकों की बारिश से अच्छी उम्मीद है। इस बार गर्मियों में जलसंकट से जिले के लोग बुरी तरह प्रभावित रहे। जिले में औसत से कम बारिश होने के बाद यह स्थिति है के नवंबर माह में ही जलस्तर पीछे खिसकता गया। पारंपरिक जल स्रोत नदी, बावड़ी, तालाब और कुओं का अस्तित्व संकट में है। रबी की सिंचाई के लिए किसानों के पाइप कम पड़ गए। बारिश का जल सहेजने से सभी नागरिकों पेयजल मिल सकता है। इस दिशा में सभी को प्रयास करने होंगे।

### कुछ गांवों में संकट ज्यादा

बात करें ग्रामीण क्षेत्र की तो मटवारा, सरवाही, धरवारा, सिंहुड़ी, सलैया फाटक, संसारपुर, लिगरी, भूला, डुंगरिया, स्लीमनाबाद, तेवरी, लखनवारा, पौनिया, परड़भटा, सैलारपुर, मढ़ाना सहित अन्य गांवों में जल स्तर कम होने की वजह से आम तन के साथ किसान परेशान हो गए। किसानों ने बताया कि नवंबर में ही जल स्तर 60 फीट के नीचे पहुंच गया था। अब गर्मियों की बात ही क्या करें।

जिले में कई क्षेत्रों में हैंडपंप पानी की जगह हवा फेंक रहे है, वहीं कुओं का जलस्तर काफी नीचे खिसक गया जलस्तर नीचे खिसकने के कारण पेयजल की समस्या गहराता गया। प्री मानसूनी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन पानी का संकट बरकरार है।



जानकारी के मुताबिक जिले के बहोरीबंद, रीठी, बंधी, स्लीमनाबाद, बड़वारा, उमरियापान, बिजयराघवगढ़ सहित अन्य इलाकों में पेयजल की समस्या है। ग्रामीणों की माने तो पेयजल आपूर्ति के लिए कई बार संबंधित अफसरों से शिकायत भी गई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। बारिश के बाद कुछ हैंडपंप से गंदा पानी आने के कारण उनके सामने पेयजल की समस्या ज्यों की त्यों हो गई है। कई गांवों में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग खेत के कुएं से पानी भरकर ला रहे हैं। वहीं कई गांवों में जल स्तर नीचे चले जाने से गांव के बोर ही सूख गए हैं। नलजल योजना के नाम पर शासन हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में बनी पानी की टंकियां सूखी पड़ी है। गांव एवं कस्बों में सरकारी खर्च से कराई गई बोरिंग सूख गई है तो कई जगहों पर मोटर खराब पड़ी है।

### नदियों की हालत खराब

कटनी नदी, माईजी नदी, जलगार नदी, महानदी नदी, मुड़ेर नदी, बेलकुंड, हिरन नदी, झपावन नदी, चड़जरार जिले की मुख्य नदी है।शहर की नदियों में थोड़ा पानी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र की नदियां लगभग सूखी पड़ी है। शहरी क्षेत्र में छोटी-बड़ी नदियों में प्रदूषित पानी के साथ काई जमा है।

### अभी से बारिश के जल को सहेजने की आवश्यकता

बारिश को लेकर उम्मीद इस बार अच्छी है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ऐसी स्थिति में वर्षा के जल को सहेजने के लिए प्रयास शुरू किये जाने से आने वाले समय में पानी के संकट को दूर किया जा सकता है। जानकारों के अनुसार वर्तमान हालात को देंखें तो सिर्फ गर्मी ही नहीं आने वाली सर्दी के मौसम में भी पानी की किल्लत बनी रहेगी। इसका स्थायी हल खोजना जरूरी है।

# खुले नाले से हादसों को आमंत्रण



**कटनी। जिले में बारिश का दौर शुरू है यह मानसून के पहले की बारिश है जो शहर या उपनगरीय क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को परखने के लिए भी है। बीते दो दिनों में बारिश ने कई निचले इलाकों में पानी भरने की समस्या को सामने ला दिया है। लिहाजा वह घटना फिर से लोगों के जेहन में आ रही है जब भाजपा नेता पीतांबर टोपनानी के परिजनों एक पिता और बेटी उफनते नाले में बह गये थे बड़ी मसक्कत के बाद उनके शव ही बरामद हो सके थे।** इस बार तय समय से तीन दिन पहले ही मानसून के दस्तक देने की संभावना है। बारिश के पूर्व नगर निगम को जल जमाव वाले क्षेत्र, नालों की सफाई सहित नालों को सुरक्षित करना अनिवार्य है। मई का आखिरी सप्ताह चल रहा है, लेकिन बारिश के पूर्व इंतजामों की कलई खुलकर सामने आ रही है। शहर के उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर व हाउसिंग बोर्ड में जगह-जगह मौत के मुहाने खुले हैं। नगर निगम द्वारा बारिश के सीजन में हादसों को रोकने व स्वच्छता के लिहाज से शहरभर के नालों को कवर्ड कराकर रखना है, जालियों व बेरीकेट्स से सुरक्षित करना है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। हैरान करने वाली बात तो यह है कि मौत के मुहानों को लेकर शहर के जनप्रतिनिधि भी बेखबर हैं। बारिश के पहले यदि नालों को सुरक्षित नहीं कराया गया तो परिणाम फिर भयावह होंगे। यह तस्वीर विश्राम बाबा गेट से माधवनगर की ओर जाने वाले मार्ग में दुगाड़ी नाले का नजारा है। बारिश में यह नाला एकदम उफान पर रहता है। अत्यधिक बारिश होने पर पानी भी कई बार ऊपर आ जाती है, ऐसे में सड़क का जान पडना मुश्किल होता है, इसके बाद भी इसकी साइडें खुली हैं जो हादसे का कारण बन सकती हैं।

### कई क्षेत्र में खुले पड़े हैं नाले

नजारा जनसंपर्क कार्यालय के आगे भी देखने मिलता है तांगा स्टैंड के लिए जाने वाले मार्ग में नाले का मुहाना खुला हुआ है। यहां पर बारिश में तेज फ्लो के साथ पानी बहता है। नाले का मुहाना पूरी तरह से सड़क के दोनों ओर खुला हुआ है। तेज बारिश में यह नाला भी हादसे का कारण बन सकता है।

### यहां भी है गंभीर समस्या

खुले नाले की यह तस्वीर उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की है। जहां पर 2018 में हादसा हुआ था, उसे कुछ कदमों की दूसर पर शहर की ओर आने वाले मुख्य मार्ग के एकदम किनारे यह भयावह नाला खुला पड़ा है। सड़क के दोनों ओर नाले के मुहाने पर न तो जाली लगी है और ना ही बैरीकेट्स, ऐसे में बारिश में हादसे का कारण बनेगा उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर से उपनगरीय क्षेत्र की ओर आगे बढने पर मुख्य मार्ग में यह नाला खुला पड़ा है। दोनों तरफ से नाला हादसों के लिए मुंह बाए खड़ा है। यहां पर रैलिंग व जालियों की तो बात छोडिये सफाई का भी अता-पता नहीं है, जबकि नगर निगम द्वारा बेहतर सफाई का दावा किया जा रहा है।


नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 27 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
देहाती डिस्को



कलाकार- गणेश आचार्य, रवि किशन, मनोज जोशी, रेमो डिसूजा आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009


## नीलिमा ❤ से
### तुम्हारे लिये

आज दिल कर रहा तुझे प्यार बेशुमार दे जाऊँ
तेरे दिल को दे सके जो सुकूं, आज बेशुमार दे जाऊँ

लिख दूँ हवा से पत्ते-पत्ते पर नज्म-ए-धुन कोई
तेरे होठों में बहते गीत का अनुस्वार हो जाऊँ

भर दूँ तुझमें पूनम के चाँद की सुनहरी रोशनी
तुम्हारे जीवन से अमावस का अंधकार मिटाऊं

खुशियों की रंगीन कूची से भर के प्यार के हर रंग
अरमानों का इन्द्रधनुषी आसमां गुलजार कर जाऊं


चाँद तारों को ज़मीं पर उतार तेरे कदमों में बिछा दूँ
भर के चमन तेरी बाहों में रोशन-ए-बहार ले आऊँ

लगाकर अपनी आँखों के काजल का काला टीका
तेरी उजियारी निखरी सूरत की नजर उतार जाऊँ

लिख दूँ इन कोरे सफहों पर मखमली मुलायम ख्याल
सतरंगी खुशबू सी रूमानी ग़ज़ल बन बिखर जाऊँ

चाशनी से सराबोर प्यार से तेरी रूह भिगो जाऊँ
ओस की बूँद बन तेरे सुर्ख लबों को आब दे जाऊँ

आज दिल कर रहा तुझे प्यार बेशुमार दे जाऊँ
तेरे दिल को दे सके जो सुकूं,आज बेशुमार दे जाऊँ !!!





- नीलिमा पाठक सामंतरे


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 28 से
1, 4, 7, 9 एवं रात्रि 10 बजे से



भूलभुलैया-2
कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, तब्बू, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402




सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 28 से
सुबह 10, 12.30 एवं 6 बजे से



TOP GUN 2D
(हिंदी में)
कलाकार- टॉम क्रूस, एंथनी एडवर्डस, टॉम स्केरिट, वेल किल्मर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 28 से
10.30 एवं दोपहर 3 बजे से



अनेक
कलाकार- आयुष्मान खुराना, जे.डी. चक्रवर्ती, मनोज पहवा, कुमुद मिश्रा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 29 मई 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# ओबीसी आरक्षण में कटौती का असर दिखेगा चुनाव पर

## जिला पंचायत सदस्य के लिए ओबीसी वर्ग को मिली एक सीट, 2015 में चार पद थे आरक्षित

**कटनी।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हो रहे पंचायत चुनाव में एक बार फिर ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गरमाने लगा है। पिछले दिनों राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश के 52 जिलों में किए गए आरक्षण में ओबीसी वर्ग को कम सीटें मिलने के बाद एक बार फिर राज्य सरकार पर ओबीसी वर्ग की उपेक्षा के आरोप लगने लगे हैं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ ही मप्र ओबीसी महासभा ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरना शुरू कर दिया है और चुनाव में इसका फायदा लेने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। पूरे प्रदेश की बात करें तो प्रदेश के 32 जिलों में वर्ष 2015 में जिला पंचायत सदस्य की 145 सीटें ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित थी, जो अब घटकर 45 ही शेष रह गई है। ओबीसी वर्ग की सीटें कम होने के बाद अब यह मुद्दा तेजी के साथ सुर्खियों में आ रहा है और आने वाले समय में इसका असर चुनाव में भी देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि कटनी जिले में 407 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच सहित 4911 पंच, 121 जनपद सदस्य तथा 14 जिला पंचायत सदस्यों के लिए चुनाव कराए जा रहे है। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायती चुनाव का परिदृश्य भी बदल गया है। पिछले आरक्षण में जहां जिला पंचायत के 14 वार्डों में ओबीसी के लिए 4 सीटें आरक्षित थीं, तो वहीं हाल ही में हुए आरक्षण में ओबीसी वर्ग के लिए अब एक सीट ही बची है। इसी तरह से जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों और पंचायत के वार्डों में भी उलटफेर होते हुए दिखाई दे रहा है। परिसीमन में जहां जिले में 410 पंचायतें थीं। परिसीमन समाप्त होने के बाद अब पहले की ही तरह जिले में 407 पंचायतें हैं। ओबीसी आरक्षण के बाद बदली स्थिति के मददेनजर चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी भी सुरक्षित सीट की तलाश में वोटरों के बीच पहुंचते हुए उनका मन टटोलने में जुट चुके हैं तो प्रशासन ने भी युद्ध स्तर पर तैयारी शुरु कर दी हैं।

नगरीय निकाय चुनाव

### आरक्षण पर एक नजर

**जिला पंचायत सदस्य (कुल 14 क्षेत्र)**

| | |
|---|---|
| अनारक्षित महिला | 04 |
| अनुसूचित जाति मुक्त | 01 |
| अनुसूचित जाति महिला | 01 |
| अनारक्षित (मुक्त) | 03 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग महिला | 01 |
| अनुसूचित जनजाति मुक्त | 02 |
| अनुसूचित जनजाति महिला | 02 |
| योग | 14 |

**महिलाओं के लिए कुल 07 सीटें**

**ग्राम पंचायत (कुल पद 407)**

| | | |
|---|---|---|
| अन्य पिछड़ा वर्ग | - | 38 |
| अनुसूचित जाति | - | 49 |
| अनुसूचित जनजाति | - | 115 |
| अनारक्षित | - | 205 |
| कुल योग | - | |

**महिलाओं के लिए कुल 209 सीटें**

**जनपद पंचायत सदस्य (कुल पद 121)**

| | | |
|---|---|---|
| अन्य पिछड़ा वर्ग | - | 12 |
| अनुसूचित जाति | - | 13 |
| अनुसूचित जनजाति | - | 34 |
| अनारक्षित | - | 62 |

**महिलाओं के लिए 65 आरक्षित**

### 93 अतिसंवेदनशील केंद्र चिन्हित

जिले में पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए 8 हजार से अधिक मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस बार तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं तो मतदान कर्मियों को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं है, लेकिन जिले के 93 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहेगी। संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 223 है। पंचायतों में कुल 1394 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें कटनी जनपद पंचायत में 195, बड़वारा में 271, बहोरीबंद में 263, ढीमरखेड़ा 245, रीठी में 169, विजयराघवगढ़ 253 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## कल जारी होगी चुनाव की अधिसूचना, 30 मई से 6 जून तक जमा होंगे नामांकन

**जिले में तीन चरणों में होने वाले मतदान पर एक नजर**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. प्रथम | विजयराघवगढ़ | 02 | 22 | 74 | 863 |
| 2. प्रथम | ढीमरखेड़ा | 03 | 23 | 73 | 930 |
| 3. दूसरा | बड़वारा | 02 | 21 | 66 | 805 |
| 4. दूसरा | कटनी | 02 | 16 | 59 | 680 |
| 5. तीसरा | बहोरीबंद | 03 | 24 | 79 | 982 |
| 6. तीसरा | रीठी | 02 | 15 | 56 | 651 |
| | महायोग | 14 | 121 | 407 | 4911 |

कटनी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कल 30 मई को पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी और इसी के साथ पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए नाम निर्देशन प्राप्त करने एवं जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। नाम निर्देशन पत्र 6 जून तक जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी एवं प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों द्वारा अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जाएंगे। मतदाताओं से संपर्क किया जाएगा और उन्हें अपनी तरफ करने के लिए प्रयास जाएगा। गौरतलब है कि कटनी जिले में पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जा रहे हैं। प्रथम चरण के तहत 25 जून को कटनी-विजयराघवगढ़, द्वितीय चरण के तहत 1 जुलाई को ढीमरखेड़ा-बड़वारा एवं तृतीय चरण के तहत 8 जुलाई बहोरीबंद-रीठी को मतदान कराया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सदस्य के 14, जनपद पंचायत सदस्य के 121, ग्राम पंचायत सरपंचों के 407 एवं पंच के 4911 पदों के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं और 5 हजार से ज्यादा पदों के लिए 7 लाख 84 हजार से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## देर रात तक चलता रहा कव्वाली का प्रोग्राम

### सैय्यद बाबा का उर्स, चादर जुलूस निकला, कल रंग महफिल के साथ होगा उर्स मेला का समापन

**कटनी।** विजयराघवगढ़ रियासत के सेनापति अमर शहीद बहादुर खान सैय्यद बाबा रहमतुल्ला अलेह के तीन दिवसीय उर्स के अवसर पर शनिवार को शहर में चादर जुलूस निकाला गया। अल्फर्टगंज से विश्वकर्मा पार्क, मंगल मार्केट, सुभाष चौक, मेन रोड होते हुए चादर जुलूस सैय्यद बाबा की मजार पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां समाज में भाईचारा और सद्भाव के लिए अकीदतमंद श्रद्धावत हुए। इसके पहले विविध कार्यक्रम उर्स तारतम्य में हुए। समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बच्चों की मौजूदगी भी इस जुलूस में रही। शनिवार को ही रात 9 बजे से कव्वाली का शानदार मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमे हिंदुस्तान की मशहूर कव्वाल नई मुकीम अजमेरी एवं शमीम नियाजी शाहिद नियाजी कव्वाल एंड पार्टी रामपुर (उत्तप्रदेश) द्वारा शिरकत की गई। आज 29 मई को इंटरनेशनल सूफी सिंगर ब्रदर्स दिल्ली एवं आफामान वारसी लखनऊ



उत्तरप्रदेश के बीच शानदार मुकाबला होगा। कल मजार के पास रंग महफिल एवं उर्स मेला का समापन होगा एवं लंगर भंडारा तकसीम किया जाएगा। जिले की समस्त जनता से बाबा के दरबार और कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए प्रबुद्धजनों से गुजारिश मोहम्मद शकील अध्यक्ष दरगाह कमेटी के द्वारा की गई है।

दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने बताया कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विजयराघवगढ़ रियासत के सेनापति अमर शहीद बहादुर खान सैय्यद बाबा रहमतुल्ला अलेह का 81वां उर्स आयोजित किया गया है। इसकी शुरूआत 26 मई को शाम 6 बजे परचम गोसाई के साथ हुई। 27 मई को सुबह 9 गुसल शरीफ, रात 9 बजे से मिलाद शरीफ आयोजित हुआ। इसी कड़ी में शनिवार की रात कव्वाली का मुकाबला हुआ। इस मौके पर हाजी मोहम्मद शफी कुरैशी, हाजी बदरूद्दीन, महफूज, मोहम्मद शकील, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद मोइन, मोहम्मद समीर, मोहम्मद नियाज, मोहम्मद शाहरुख सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### पंचायत चुनाव में आम सभा, रैली, जुलूस एवं वाहन के लिये लेनी होगी अनुमति

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिये आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये आम सभा, रैली, जुलूस एवं वाहन की स्वीकृति के लिये अपने क्षेत्र के पुलिस थाना से अभिमत प्राप्त कर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पास अनुमति हेतु आवेदन करना होगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमानुस टोप्पो ने आदेश जारी कर चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थियों द्वारा हेलीकॉप्टर के उतारने व प्रस्थान करने हेतु प्राप्त आवेदन व जानकारी के संबंध में लोक निर्माण विभाग द्वारा अक्षांश एवं दक्षांश की जानकारी सहित अनुमति हेतु प्रस्तु किया जाये।



## ओबीसी आरक्षण में कटौती का हर स्तर पर करेंगे विरोध

### ओबीसी महासभा की पत्रकारवार्ता, नेताओं ने लगाए सरकार पर ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के आरोप

**कटनी।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। पिछले दिनों प्रदेश के सभी 52 जिलों में आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। आरक्षण में राज्य सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा जमकर मनमानी करते हुए स्वीकृत ओबीसी आरक्षण में कटौती की गई, जिससे पंचायतों में ओबीसी को मिलने वाले प्रतिनिधित्व में कमी आई है। सरकार के इस निर्णय का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष लोधी राकेश सिंह ने कल शाम एक निजी होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए कहा कि एक सोची समझी योजना के तहत ओबीसी आरक्षण को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में लागू 14 प्रतिशत आरक्षण के नियम का भी पालन नहीं किया गया। पंचायतों में दिए गए आरक्षण में कुछ जिलों में 9 और कुछ जिलों में 11 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इससे ओबीसी वर्ग पर जमकर कुठाराघात हुआ है और यह सब उनके हितों की दुहाई देने वाली राज्य सरकार के संरक्षण में हुआ है। ओबीसी महासभा के नारायण पटेल ने कहा कि इसको लेकर कुछ दिनों पूर्व प्रदेश व्यापी बंद का आव्हान किया गया था। यह बंद अधिकांश जिलों में सफल रहा और कटनी जिला मुख्यालय के साथ ही बहोरीबंद सहित अन्य तहसीलों में भी इसका आंशिक असर देखने को मिला। ओबीसी महसभा द्वारा ओबीसी आरक्षण में कटौती किए जाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। महासभा की मांग है कि प्रदेश में आबादी के अनुपात में ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिए जाने के के लिए संविधान में संशोधन किया जाए। पत्रकारवार्ता में भगवत यादव सहित ओबीसी महासभा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### शासकीय कर्मियों के अवकाश पर रोक

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2022-23 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता त्रि-स्तरीय पंचायत क्षेत्रों में लागू हो गई है। जो 16 जुलाई तक प्रभावशील रहेगी। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कटनी प्रियंक मिश्रा ने जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर कटनी श्री मिश्रा ने निर्देशित किया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी की बिना पूर्वानुमति के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। सभी कर्मियों को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि वे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### जनप्रतिनिधियों से सुविधायें वापस लेने का आदेश

कटनी। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022-23 के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किये जाने के साथ ही कटनी जिले में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हैं। जिला निवार्चन अधिकारी एवं कलेक्टर कटनी प्रियंक मिश्रा ने आदर्श आचरण संहिता लागू रहने की अवधि में जनप्रतिनिधियों को प्रदाय की गई विभागीय सुविधायें वापस लेने का निर्देश जारी किया है। इसमें मैनपावर, वाहन और उपकरण आदि शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तदाशय का पत्र जिला पंचायत के सी.ई.ओ., कटनी विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ., आयुक्त नगर निगम तथा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजयराघवगढ़, कैमोर एवं बरही सहित कृषि उपज मंडी के सचिव को जारी किया गया है।

## प्रचार के लिए शासकीय संपत्ति के उपयोग पर होगी कार्रवाई

### संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत होगा एक हजार जुर्माना

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के मद्देनजर म.प्र. संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत आदेश जारी कर संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक या शासकीय दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करने पर संबंधित को एक हजार रूपये तक के जुर्माना से दण्डित करने का प्रावधान हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार चुनाव प्रचार के दौरान यदि विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किसी शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है, विद्युत एवं टेलीफोन के खम्बों पर झंडियां लगाई जाती हैं अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर शासकीय सम्पत्ति को विकृत किया जाता है, सड़क के दोनों तरफक्रास करते हुये बैनर व पोस्टर लगाये जाते हैं तो उस स्थिति में ऐसे बैनर व पोस्टर हटाने के लिए तथा चुनावी नारे मिटाने के लिए जिले के त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत प्रत्येक थाने में लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सीधे देखरेख में कार्य करेगा। यह लोक सम्पत्ति सुरक्षा दस्ता निर्वाचन की समाप्ति तक प्रतिदिन भ्रमण करते हुये लोक सम्पत्तियों को विरूपित होने से रोकेगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र भरने के पश्चात् किसी निजी संपत्ति के स्वामी द्वारा किसी अभ्यर्थी के समर्थन में अपनी संपत्ति को प्रचार-प्रसार हेतु उपयोग करने दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर लगाना इत्यादि सहमत है, तो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के आरओ व एआरओ के कार्यालय में लिखित सूचना देंगे।

लिखित सूचना के साथ, संपत्ति के प्रचार-प्रसार हेतु उपयोग होने का विवरण और खर्च की जानकारी देंगे। उस लिखित सहमति व सूचना के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और एआरओ अनुमति प्रदान करेंगे। सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु विकासखंड स्तर पर दल का गठन किया गया है। जो निर्धारित समय सीमा में कार्य संपादित करेंगें।

गठित दल में अनुविभागीय दंडाधिकारी अनुभाग के लिये, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त पंचायत अपने क्षेत्र तथा संबंधित थाना प्रभारी थाना क्षेत्रांतर्गत और समस्त राजस्व निरीक्षक प्रभार क्षेत्रांतर्गत, अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग प्रभारक्षेत्रांतर्गत और कनिष्ट अभियंता मध्यप्रदेश विघुत मंडल प्रभारक्षेत्रांतर्गत कार्य संपादित करेंगे।

### एफआईआर कराने कलेक्टर के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि दल तत्काल अपने-अपने क्षेत्र में बैठक आयोजित कर अपने-अपने प्रभार क्षेत्रांतर्गत विरूपित शासकीय संपत्तियों को मूल स्वरूप में लाने की कार्यवाही करें। संपत्ति को मूल स्वरूप में लाने हेतु व्यय की वसूली दोषी व्यक्ति से भू-राजस्व की बकाया के रूप में की जावे। साथ ही संबंधित पुलिस थाने संबंधित विभाग द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति को मूल स्वरूप में लाने पर ये व्यय की प्रतिपूर्ति पंचायत सचिव के द्वारा मूलभूत की राशि से की जाये, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण निवारण हेतु मूल दायित्व संबंधित थाना प्रभारी, पटवारी, पंचायत सचिव का होगा। थाना प्रभारी व ग्राम पंचायत सचिव लोक सम्पत्ति विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को एक पंजी में पंजीबद्ध करेंगे तथा शिकायत की जॉच कर तथ्य सही पाये जाने पर लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रस्तावित करेंगे। साथ ही की गयी कार्यवाही से संबंधित साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा अपने अनुभाग क्षेत्रान्तर्गत जानकारी संकलित कर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल रूप से प्रभावशील हो गया हैं।

### आचार संहिता पालन की प्रतिदिन दे जानकारी

**कटनी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट कटनी एवं नोडल अधिकारी रोमानुस टोप्पो ने निर्वाचन के मद्देनजर अधिकारियों को आदर्श आरचण संहिता के पालन और कानून व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रतिदिन देने के निर्देश दिये हैं। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की भी जानकारी देना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ. को अपने स्तर पर दल गठित कर कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराना है। साथ ही संबंधित द्वारा उल्लंघन की स्थिति में विधि सम्मत कार्यवाही की जाये।

### निर्वाचन संबंधी शिकायत हेतु प्रकोष्ठ गठित

**कटनी।** पंचायत निर्वाचन के लिये कलेक्टर कार्यालय में चुनाव से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ गठित किया गया है। इसका दूरभाष नम्बर 07622-226210 है। यह शाखा समस्त कार्यालयीन कार्य दिवसों में संचालित रहेगी।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति, सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए - 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 13th May 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
book my show
ANEK
10:30 AM 1:00 PM 3:00 PM 4:00 PM 6:45 PM 9:30 PM
10:30 AM 1:30 PM 3:45 PM 8:00 PM 6:30 PM 9:15 PM 10:30 PM
12:30 PM 5:45 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# सोशल मीडिया में साम्प्रदायिक और धार्मिक विद्वेष फैलाया तो होगी कार्रवाई

**कटनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022-23 के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किए जाने के फलस्वरूप कटनी जिले में 16 जुलाई तक आदर्श आचरण संहिता लागू होने के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी प्रियंक मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये कुछ असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुकए वॉटसऐपए टिवटरए इंस्ट्राग्राम इत्यादि के माध्यम का दुरूपयोग कर साम्प्रदायिकए धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुंचाने से दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की सूचनाएं प्राप्त होने की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, सोशल मीडिया संदेशों को पूर्णत: प्रतिबंधित करने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।**




जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे फेसबुक, वॉटसऐप, ट्विटर, हाईक, एसएमएस, इन्स्टाग्राम इत्यादि का दुरूपयोग कर धार्मिक और सामाजिक जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसार नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उल्लेखित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार की आपत्ति जनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, ऑडियों, विडियो इत्यादि भी सम्मिलित हैए जिसमें धार्मिक सामाजिक जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है अथवा सम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता होए को ना ही पोस्ट लिखेगा न ही भेजेगा।

सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़काती हो को कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगो अथवा समुदाय के मध्य घृणाए वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा हेतु फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नही करेगा और न ही इसके लिये प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति अफ्वाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर भड़कानेए उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में संलग्न हो जाये सोशल मीडिया में प्रसारित नही करेगा और न ही लाइकए शेयर या फॉरवर्ड करेगा तथा न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति या समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नही करेगा जिनसे किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने उनसे या कोई विशेष कार्य या गैर कानूनी गतिविधियों करने हेतु आव्हान किया गया होए जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो। सोशल मीडिया पर किसी का फर्जी प्रोफाईल बनाना या उसे प्रसारित करना दण्डनीय अपराध है। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188, आईटीएक्ट 2000 के विभिन्न नियमों तथा अधिनियमों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया आदेश**

## पंचायत चुनाव के चलते शस्त्र लाइसेंस निलंबित

### थानों में जमा कराये जाने के निर्देश

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022-23 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किये जाने के बाद कटनी जिले के अंतर्गत जिला, जनपद, ग्राम पंचायत व पंच के आम निर्वाचन हेतु 16 जुलाई तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेंगी। इसलिये चुनाव प्रचार-प्रसार, रैली संचालन, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी प्रियंक मिश्रा ने जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में शस्त्र अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कटनी जिले के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत थाना क्षेत्रों में समस्त अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र कस्टडी में 30 मई तक जमा करवाने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश में मजिस्ट्रेट, पुलिस सशस्त्र बल, सेना, होमगार्ड, एनसीसी, कॉमर्शियल बैंकों की सुरक्षा हेतु पदस्थ सुरक्षा गार्डो की सुरक्षा की दृष्टि से कर्त्तव्य निर्वहन हेतु प्रदान किये गये शस्त्रों को मुक्त रखा गया हैं।

सभी थाना प्रभारियों एवं आर्म्स डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा जमा किये जाने वाले शस्त्रों को अपनी आत्मरक्षा में रखने की समुचित व्यवस्था करें। साथ ही अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र जमा करने की रसीद भी दें। इसके अलावा जिन शस्त्र अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण नहीं हैं वे शस्त्र जमा कर उन्हें नवीनीकरण कराने के निर्देश दें। अनुज्ञप्तिधारियों को अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण होने के पश्चात ही शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को वापस किया जाये। कटनी जिले में यह आदेश 16 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

## सक्षम अधिकारी की अनुमति से ही कर सकेंगे लाउड स्पीकार का उपयोग

### उल्लंघन पर कोलाहल नियंत्रण एक्ट के तहत दर्ज होगा मामला

**कटनी।** जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता लागू रहने की अवधि 16 जुलाई तक के लिए परिशांति बनाये रखने और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम तथा ध्वनि प्रदूषण नियम के तहत आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कटनी जिले में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूसए जनसंपर्क, आमसभाओं का आयोजन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा शुक्रवार को इस संबंध में जारी आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे इत्यादि का उपयोग या प्रदर्शन किसी आमसभाए सम्मेलन, जुलूस, कार्यक्रम, जलसा, टीव्ही, एलसीडी या चलित वाहन में नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मण्प्रण् कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। संबंधित रिटर्निंग आफीसर व सहायक रिटर्निंग आफीसर मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत 48 घण्टे पूर्व की सूचना के उपरान्त प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारकों के 1/4 वॉल्यूम में ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अधिक पर अनुमति दे सकेंगे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा। आदेश तत्काल प्रभाव से कटनी जिले अन्तर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत प्रभावशील रहेगा।

## याचना नहीं अब रण होगा, जीवन जय या कि मरण होगा

### महादेवी वर्मा आनलाइन हिन्दी वाद-विवाद स्पर्धा में छात्र-छात्राओं ने रखे अपने विचार

**कटनी।** याचना नहीं अब रण होगा, जीवन जय या कि मरण होगा सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर सहित अनेक कवियों की कुछ इसी तरह की रचनाएं गत दिवस सायना इंटरनेशनल स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के कंठ स्वरों से गूंजी। अवसर था स्कूल में कवियत्री महादेवी वर्मा, अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता 2022-23 का। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 के छात्रों ने तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता का आरंभ सायना के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार शर्मा सहित निर्णायकों द्वारा महादेवी वर्मा का अभिवादन कर किया गया।



कार्यक्रम में रूपाली जयसवाल, अनुराग तिवारी, सतीश गुप्ता और राज शुक्ला ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के सभापति की भूमिका कक्षा बारहवीं कला संकाय की छात्रा सबीना खान एवं वाणिज्य संकाय के छात्र आर्यन त्रिपाठी ने निभाते हुए कार्यक्रम का संचालन किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रतिभागियों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र आराधना के लिए आवश्यक हैं विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने विचारों को रखते हुए सभा को प्रभावित किया। द्वितीय चरण में प्रतिभागियों ने युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नही है विषय के पक्ष व विपक्ष में अपने सटीक व रोचक तथ्यों का प्रस्तुतिकरण किया।कनिष्ठ वर्ग में रूबी सदन से श्रेया तिवारी प्रथम एवं टोपेज सदन से सक्षम महेश्वरी द्वितीय स्थान पर रहे, वहीं रूबी सदन से ही अन्वेषा सोनी तीसरे स्थान पर रहीं। वरिष्ठ वर्ग के टोपेज सदन से इशिता बजाज प्रथम, रूबी सदन से सृष्टि त्रिपाठी द्वितीय एवं एमरल्ड सदन से तुलसी पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायकों ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि प्रतिभागियों ने अच्छी तैयारी के साथ अपने-अपने पक्ष को रखा है। सायना के प्राचार्य ने हिन्दी भाषा के प्रयोग में शुद्धता पर जोर देते हुए कहा कि हिन्दी पूर्ण वैज्ञानिक भाषा है और इसमें अभिव्यक्ति कौशल का पूर्ण विकास आवश्यक है। सायना के प्राचार्य ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वाद-विवाद की विषय-वस्तु में प्रामाणिक तथ्य एवं आंकड़े अवश्य होने चाहिए जिससे श्रोता प्रभावित होंगे। छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए निर्णायक मंडल के अलावा हिन्दी विभाग से दिलीप कुमार झा एवं राजेश्वरी खरे, अंग्रेजी विभाग से समन्वयक कमल सरेचा एवं बबिता बजाज, हर्षेन्द्र यादव ने अपने विचार रखें। गणित विभागाध्यक्ष राजीव तिवारी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए स्वरचित कविता युद्ध हूँ युद्ध! भयावह हूँ, वीभत्स हूँ, विकराल हूँ की ओजमयी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए सायना के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश कुमार दुबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने चलाएं जागरूकता अभियान

### सीईओ जिला पंचायत ने सेंस की बैठक में दिए निर्देश

**कटनी।** आम निर्वाचन 2022 में मतदाता अपने मद का उपयोग अधिक से अधिक करें, इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ व सेंस नोडल अधिकारी जगदीश चंद्र गोमे ने कमेटी बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ श्री गोमे ने जिले के सभी जनपद क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए अधिक से अधिक लोग अपने मत का उपयोग चुनाव में करें, इसके प्रयास करने, गर्भवती, धात्री, दिव्यांग, वृद्ध, थर्ड जेंडर को चिन्हित कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री गोमे ने कहा कि पिछले निर्वाचन में जिन मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन केन्द्रों की जानकारी एकत्र करें और उन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर चुनाव में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। इसके अलावा मतदाता जागरूकता के लिए अन्य गतिविधियां आयोजित करने को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। इस दौरान सेंस के सदस्य डॉ. चित्रा प्रभात, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक संचालक वनश्री कुर्वेती, बीआरसी विवेक दुबे, संध्या तिवारी उपस्थित थीं।



## जल संकट को लेकर किया आयुक्त का घेराव


### कांग्रेस नेताओं के साथ निगमायुक्त निवास पहुंचे नागरिक

**कटनी।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष एड. मिथलेश जैन के मार्गदर्शन एवं निवृत्तमान नेताप्रतिपक्ष एड. मौसूफ अहमद बिट्टू के नेतृत्व में सिविल लाइन बीडी अग्रवाल वार्ड स्थित डॉ. प्रवीण वैश्य गली से गणेश चौक तक वृद्धजन, महिलाएं, बच्चों ने पानी दो -पानी दो का नारा लगाते हुए गणेश चौक से आयुक्त निवास का घेराव किया। जिससे विवश होकर आयुक्त ने स्वयं उपस्थित होकर ज्ञापन लिया एवं आश्वस्त किया की 24 से 48 घंटे के भीतर जल संकट का निदान कर दिया जायेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान, राकेश जैन कक्का, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष रजनी वर्मा, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस सुमन रजक, आफताब अहमद चोखे भाई, राजा जगवानी, ओम प्रकाश सक्तेल, उमेश सोनखरे, मोहन निषाद एडवोकेट, ओमप्रकाश टोनी आहूजा, गगन तिवारी, दानिश अहमद, सतवीर भाटिया, कॉन्ग्रेस सेवादल जिला उपाध्यक्ष हिमांशु तिवारी, रवि मंगलानी, ईश्वर बेहरानी, रमेश अहिरवार, अहमद कुरेशी, उदय सिंह, अमर कोल, सुनील श्रिवास एडवोकेट, सुनील तलुजा, गोविंद सचदेवा, विनोद डेंगरे, नारायण निषाद, रोहित भोज्वानी, अरशद खान, सीमा पाठक, मीनाक्षी बल्ह्वी, रुकमणी पांडे, सुमन रजक, अभय खरे, उदय पटेल, उषा रजक, आकांक्षा श्रीवास्तव, करुणा कुशवाह, नीति जैन, माया कुशवाह, माया खटीक, चंदा बाई खटिक, ज्योति वर्मा, प्रभा वर्मा, मुस्कान खटीक, सुषमा कछवाहा, करिश्मा जयसवाल, अर्चना जयस्वाल, रजत यादव, अमन यादव सहित सेंकडों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## आकांक्षा और दीपा ने बढ़ाया विद्यालय का मान





**कैमोर।** खलवारा बाजार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल की छात्रा आकांक्षा तिवारी और दीपा परौहा ने कक्षा 10 वीं की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 89 प्रतिशत से भी अधिक अंक अर्जित कर अपने विद्यालय और आचार्य परिवार का मान बढ़ाया है। स्व घनश्याम तिवारी की सुपुत्री आकांक्षा को सभी विषयों में विशेष योग्यता सहित 500 में से 448 अंक मिले हैं। उसने 89.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि बालेन्द्र परौहा की सुपुत्री दीपा परौहा ने 500 में 445 अंक अर्जित कर 89 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहीं। इन दोनों छात्राओं का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना में हुआ है जिसमें इन्हें शासन की ओर से 25 हज़ार रुपये नगद राशि का पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति सहित प्राचार्य एवं आचार्य परिवार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचनों के साथ अपनी शुभकामनाएं दीं हैं।



## छात्र-छात्राओं को दिया गया 20 दिवसीय प्रशिक्षण

**कटनी।** शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के आईटी विषय के छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के अनुसार 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। माधवनगर के कम्प्यूटर सेंटर में छात्रों को डाटा एंट्री, आफिस कम्प्यूटर कार्य, ऑनलाइन फार्म एंट्री आदि रोजगारोन्मुखी कार्यो का प्रशिक्षण दिया गया। कम्प्यूटर सेंटर के संचालक अमित गौतमए प्रशिक्षक रोहित मोर्य, अनिकेत जैन एवं स्टॉफ ने छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी। इसके अलावा विद्यालय प्राचार्य विभा श्रीवास्तव, जिला नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी ने भी छात्रों को प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में आईटी शिक्षक अमित श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

## ग्राम भारती द्वारा नवीन आचार्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

### सातवें दिन विविध भाषा विज्ञान सहित संस्कृति के महत्व पर डाला प्रकाश

**कटनी।** ग्राम भारती के तत्वाधान में 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का सातवॉ दिवस अतिथि कमलेश कुमार तिवारी प्राचार्य एवं ओंकार प्रसाद मिश्र जिला समन्वयक द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं मॉ सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। प्राचार्य कमलेश तिवारी द्वारा प्रथम सत्र में अंग्रेजी भाषा विषय का शिक्षण कार्य बहुत ही सरल तरीके से कराया गया। द्वितीय सत्र में राकेश अग्रवाल,एवं ग्राम भारती सह-सचिव ज्योति बंसल द्वारा नालेज ऑफ इण्डिया भारत का ज्ञान विषय पर प्रकाश डाला गया। तृतीय सत्र ओंकार प्रसाद मिश्र, जिलासमन्वयक द्वारा छात्र संसद का गठन एवं उसके कार्य एवं उसके परिणाम पर व्याख्यान दिया गया। चतुर्थ सत्र में आनंद राव सह-क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्याभारती द्वारा भारतीय संस्कृति का ज्ञान एवं भारत की परम्पराओं में हमारी सहभागिता कैसी हो अस विषय पर प्रकाश डाला, मानव जीवन मूल्य का अर्थ बताया। पंचम सत्र में मनीष गुप्ता, जिलासमन्वयक जबलपुर द्वारा विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम एवं उत्सव के विषय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रमों में शारीरिक एवं योग नरेन्द्र गौतम, दिलीप चतुर्वेदी, प्रदीप चौबे, नीरज कांत रजक, अजय गौतम की सहभागिता रही।

## शहर को स्वच्छ बनाने निगम प्रशासन कर रहा प्रयास







**कटनी।** शहर को स्वच्छत बनानें हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम द्वारा रोजाना दो पारियों में प्रयास किये जा रहे है। प्रातः कालीन सफाई कार्य के दौरान वार्ड के मुख्य एवं अन्य मार्गो में किसी भी प्रकार की गंदगी व्याप्त न हो इस हेतु रोजाना विभिन्न वार्डो के व्यवसायिक एवं रहवासी क्षेत्रों से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजा जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर सहित बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों, नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र के तिराहों, चौराहों, मुख्य एवं अन्य मार्गो, कॉलोनी, मलिन बस्तियों की सार्वजनिक सड़कों, मुख्य मार्ग के डिवाइडर, कचरे के विभिन्न प्वाइंटों सहित डस्टबिन की सफाई का कार्य कराया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वर्षा पूर्व नगर के सार्वजनिक नाले नालियों की सफाई व्यवस्था हेतु लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला स्थित बधैया टोला क्षेत्र, इंदिरा गांधी वार्ड स्थित हरिजन बस्ती, बस स्टैंड स्थित चेंबर का जाम, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड स्थित गाटरघाट सुलभ शौचालय के पीछे स्थित बडे नाले की सफाई, जालपा देवी वार्ड राष्ट्रीय स्कूल के बाजू स्थित नाल एवं शक्तिनगर एवं चौबे गली की विभिन्न नालियों, महात्मा गांधी वार्ड स्थित डॉ चौदहा जी के भवन के पीछे स्थित बडे नाले की सफाई, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड लाल टोपी गली, आचार्य विनोवा भावे वार्ड स्थित मुक्तिधाम मार्ग के आगे स्थित कच्चे नाले, अंबेडकर वार्ड की विभिन्न गलियों, रघुनाथ गंज वार्ड स्थित सरावगी टेंट हाउस गली के सामने, विवेकानंद वार्ड की विभिन्न गलियों की नालियों, कावस जी वार्ड लखेरा रोड साहू के घर के सामने एवं बरडोली कॉलेज के पीछे मुखिया वंशकार के घर के सामने स्थित बडे नाले, फारेस्टर वार्ड स्थित वी.केविन से ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल के पीछे तक के नाले एवं वंशकार बस्ती की नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड आदिवासी बस्ती, बाबा नारायण शाह वार्ड मुख्य मार्ग, सेवन इलेवन के बाजू स्थित बडे नाले सहित नगर के अन्य नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य प्रथम पाली में कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

**रोजाना अभियान चलाकर कराया जा रहा नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य**

## यूथ हॉस्टल के त्रैवार्षिक चुनाव आज

**कटनी।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन जिला इकाई कटनी की वार्षिक सामान्य सभा 29 मई को बैडमिंटन हॉल फोरेस्टर खेल मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित है। बैठक में राज्य पर्यवेक्षक राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद जायसवाल की सादर उपश्थिति में इकाई त्रैवार्षिक चुनाव 2022-2025 के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा चुनाव अधिकारी द्वारा की जावेगी एवं उन्हें दायित्व सोपे जायेगे। इसके साथ ही पिछले दो महीने से चल रही चुनाव प्रक्रिया का समापन भी हो जाएगा।

### आम सूचना

सूचित किया जाता है कि नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित खसरा नंबर 845/1 आबादी भूमि के अंशभाग में निर्मित मकान 12 बाई 45 फुट एवं 14 बाई 35 फुट बाड़ी सहित राजन ताम्रकार पिता जगदीश ताम्रकार जिसकी संपत्ति आईडी क्रमांक 1002987534 है। जिसकी चौहद्दी उत्तर में कारीतलाई रोड, दक्षिण में श्यामलाल यादव की जमीन, पूर्व में लक्ष्मी खटीक का मकान एवं पश्चिम में लल्लू यादव का मकान स्थित है। इस मकान को संजय पांडे एवं अभिषेक पांडे पिता श्रीषदत्त पांडे द्वारा क्रय कर लिया गया है एवं मकान में काबिज हो चुके हैं। क्रेता पक्ष द्वारा नगर परिषद विजयराघवगढ़ में संपत्ति दर्ज करने एवं संपत्ति आईडी परिवर्तित करने हेतु आवेदन दिया गया है। किसी वारिसान अथवा व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार कोई आपत्ति हो तो एक सप्ताह के भीतर नगर परिषद कार्यालय विजयराघवगढ़ में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सूचनाकर्ता-** अभिषेक पांडे वार्ड क्रमांक-7, विजयराघवगढ़, जिला कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# करोड़पति बनाने का झांसा देकर 1 लाख 20 हजार की ठगी

## स्लीमनाबाद के कुआं गांव की गठियावात पीड़ित महिला हुई धोखाधड़ी का शिकार



### बहोरीबंद पुलिस ने दर्ज की एफआइआर

**कटनी।** जिले में लगातार ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। लोग भी लालच में ठगी का शिकार हो रहे हैं। बहोरीबंद थाना क्षेत्र में अजब ठगी का मामला सामने आया है। नमक-कागज और पानी का घोल बनाकर एक लाख 20 हजार रुपये को एक करोड़ में तब्दील करने के नाम पर ठगी हुई है। बदमाशों ने एक महिला से ठगी की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कुआं निवासी 45 वर्षीय गिरानी बाई पति राम विशाल चौधरी ने बहोरीबंद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेंद्र और जवाहर नाम के व्यक्ति 8 मई को उसके खेत के पास पहुंचे। आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण कर रहे थे। उसी के नाम पर ठगी की है। उपनिरीक्षक एम.एम.उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस मामले के आरोपियों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### गरीबी दूर करने का दिया लालच

महिला को गठिया बात की समस्या थी, उसने कथित वैद्य से बात ठीक करने की दवा ली। इस दौरान महिला के पास मात्र 50 रुपये थे तो वैद्य ने कहा कि 100 रुपये में ही दवाई आएगी। इस पर महिला ने खेत मालिक से 50 रुपये उधार लेकर दवा क्रय की। जब महिला 100 रुपये की व्यवस्था नहीं बना पाई तो ठग ने कहा कि बाई आपकी गरीबी बहुत ज्यादा लग रही है। महिला ने कहा कि वह खेत की तकवारी करके जीवन यापन कर रही है। ठग ने कहा कि तुम एक लाख 20 हजार रुपये की व्यवस्था करो, हम तुम्हारे लिए एक करोड़ रुपये की व्यवस्था करेंगे। महिला ने कहा कि आप तो खुद बाग रहे हो तो कैसे अमीर बनाओगे तो ठग ने झांसे में लेते हुए कहा कि वह गरीबों की सेवा के लिए घूम रहा है। तीन दिन की मियाद दिया।

### तीन घंटे तक टब में पानी, नमक व कागज का घोल बनवाता रहा ठग

राखी तिराहा में तालाब के पास कार से पहुंचे। उसमें बैठाकर कुछ दूर लेकर गए और रुपये लेने के बाद महिला को कार से उतारकर चंपत हो गए। फोन करने पर कहा कि थोड़ी देर बाद आने कहा। महिला पूरी रात इंतजार करती रही। सुबह कहा कि जो कागज और पेटी दिए हैं उसको टब में नमक और एक गुम्मा पानी डालकर उसमें कागज भिगोने के लिए कहा। दो घंटे तक न छूने के लिए कहा, फिर उसमें पन्नी बंधवाई। तीन घंटे तक घोलने के लिए कहा। ठग ने कहा कि अब हम कुछ देर बाद आकर उसका रुपया बना देंगे। महिला घोल बनाती रही लेकिन ठग नहीं पहुंचे। इसके बाद फोन से संपर्क बंद कर दिया। जब महिला को लगा कि वह ठगी का शिकार हो गई तो पुलिस को जाकर समस्या बताई।

## वेयर हाउस से 206 बोरी चना चोरी

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत एक वेयर हाउस में चना चोरी का मामला सामने आया है। एसआई अरुण पाल सिंह ने बताया कि कृषि उपज मंडी के आगे जैसे ही जबलपुर बायपास में चढ़ते हैं वहीं किनारे राधिका वेयर हाउस बना हुआ है। यहां पर अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर 206 बोरी चना चोरी किया है। वेयर हाउस संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। संदेहियों से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

## दुर्घटना में घायल की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार 39 वर्षीय संतलाल मल्लाह पिता परमलाल मल्लाह निवासी ग्राम रमखिरिया दूढ़ा थाना शहपुरा जिला जबलपुर की एक्सीडेंट में मौत हो गई है। कार्यवाहक सउनि मनसुख लाल साहू ने बताया कि शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# गठियावात की दवा देने के नाम पर डेढ़ लाख की धोखाधड़ी

## ठगों ने दवा की जगह थमाया डिटर्जेंट पाउडर, कुठला पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपियों की तलाश शुरू

**कटनी।** गठिया बात की दवा दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। सतना जिले के एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये की ठगी की गई है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत एफआइआर दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कुठला थाना प्रभारी रोहित




डोंगरे ने बताया कि सूरजदीन सिंह गोड़ निवासी भदनपुर पहाड़ जिला सतना ने थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई है कि रामविशाल गोड़ निवासी शाहगढ़ थाना शाहगढ़ जिला सागर ने उसे फोन कर बताया था कि वह गठिया बात की गारेंटेड दवाई देता है, यदि हो तो ले लो। इस पर सूरजदीन ने कहा कि गांव में तो कई लोगों को समस्या है। दवा लेने की बात शुरू हुई। इस दौरान आरोपी रामविशाल गोड़ रुपये की व्यवस्था करने कहा। दवा की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई। सूरजदीन भी झांसे में आ गया और डेढ़ लाख रुपये की व्यवस्था की। आरोपी 25 अप्रैल को खड़ौला गांव में दवा लाकर देने को कहा। सूरजदीन दवा लेने पहुंचा। थैले में दवा दिया और कहा कि घर में खोलना और लेप बनाकर लगाना है। जब दवा निकाली तो थैले में डिटर्जेंट पाउडर निकला। इस ठगी में रामविशाल गोड़ सहित तीन अन्य लोग शामिल हैं। उप निरीक्षक किशोरी कुमार द्विवेदी ने कहा कि शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है।

## अप व डाऊन दिशा में पांच-पांच ट्रिप कटनी होकर किया जाएगा परिचालन

# रानी कमलापति से कामाख्या के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** रेलवे ने गर्मियों के सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-कामाख्या-रानी कमलापति के बीच कटनी जंक्शन होकर 5-5 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र व ऑनलाइन वेबसाइट से आरक्षण कर सकेंगे। गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति-कामाख्या साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 2 जून से 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन से 15:30 बजे शुरू होकर कर होशंगाबाद 16:28, इटारसी 17:05 बजे, पिपरिया 18:13 बजे, गाडरवारा 19:13, नरसिंहपुर 19:43, जबलपुर 21:15, कटनी 22:50, मैहर 23:46 पहुंचकर अगले दिन सतना 00:05 और तीसरे दिन सुबह 4:30 बजे कामाख्या स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01664 कामाख्या-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 4 जून से 2 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को कामाख्या स्टेशन से सुबह 07:35 बजे शुरू होकर अगले दिन सतना सुबह 08:05, मैहर 08:35, कटनी 9:20, जबलपुर 10:40, नरसिंहपुर 11:58, गाडरवारा दोपहर 12:30, पिपरिया 13:05, इटारसी 14:40 बजे, होशंगाबाद 15:08 और 16:35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 1 प्रथम-सह-द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी, 1 द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी, 3 तृतीय वातानुकूलित श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 21 कोच रहेंगे।



### इन स्टेशनों में रहेगा ठहराव

यह साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अप व डाउन दिशा में होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगडिया, नौगचिया, कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू बोंगाईगांव एवं रंगिया स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराया हाइवा



कटनी। चालकों की लापरवाही और वाहनों की दानवी गति के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। ग्राम हरदुआकला में दानवी गति से दौड़ रहे हाइवा वाहन ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया तो वहीं हाइवा वाहन भी सड़क किनारे नाली में जा घुसा। हादसे में दोनों वाहनों के चालक भी बाल बाल बच गए। घटना की सूचना मिलने पर विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

## सर्पदंश से युवती की मौत

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरवा खुर्द में सर्पदंश से एक युवती की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय शिवा केवट पिता रामकुमार केवट निवासी खिरवा खुर्द की सर्प काटने से इलाज दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## अमेहटा एसीसी प्लांट में चोरी

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत अमेहटा के एसीसी प्लांट में चोरी का मामला सामने आया है। फैब्रीकेशन यार्ड के पास अमेहटा में उमेशचंद द्विवेदी निवासी एनटीआरटी 168 एसीसी कालोनी थाना कैमोर की शिकायत पर सुधीर पटेल निवासी कारीतलाई थाना विजयराघवगढ़ के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। यहां से 14 लोहे की पुरानी पट्टिया चोरी किया जाना बताया जा रहा है।



# मिशन चौक में सड़क निर्माण के दौरान यातायात व्यवस्था देखने सड़क पर उतरे एसपी

### अमले को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने दिए निर्देश, दो घंटे मिशन चौक से लेकर चांडक चौक तक किया निरीक्षण



कटनी। मिशन चौक से सागर पुलिया के नीचे सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के चलते वनवे करने के साथ ही मार्ग डायवर्ट किया गया है ताकि आसानी से काम हो सके लेकिन अभी भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। यातायात कर्मी प्वाइंट पर तैनात नहीं रहते थे, जिसके चलते समस्या हो रही थी। इस समस्या को लेकर शनिवार को पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने अग्रवाल कॉलोनी से लेकर मिशनक चौक, आजाद चौक, चांडक चौक व अग्रवाल कॉलोनी तक पैदल निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान एसपी ने कोतवाली व रंगनाथ थाना प्रभारियों को जाम से निपटने के भी निर्देश दिए। मिशन चौक में सागर पुलिया के समीप स्वयं यातायात व्यवस्था का मोर्चा संभाला। फोन लगाकर वाहन चला रहे लोगों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सभी कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि हर समय मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें। सड़क निर्माण के कारण लोगों को परेशानी ना हो प्वाइंट पर रहते हुए यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखें। लोगों को समझाकर सुरक्षित मार्ग से आवागमन कराएं। गौरतलब है कि मिशन चौक अंडर ब्रिज के नीचे सड़क के एक हिस्से का काम पूरा हो गया है अब शीघ्र ही दूसरे हिस्से में काम शुरू होगा।

### आजाद चौक में खड़ी कार में लगाया व्हील लॉक

कई वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। अपनी सुविधा के लिए सैकड़ों लोगों के लिए आफ्त बनते हैं। आजाद चौक के समीप एक कार चालक बीच सड़क कार पार्क कर गायब हो गया था। इस पर यातायात पुलिस ने व्हील लॉक लगाया और जुर्माने की कार्रवाई की। मनमानी करने वाले के कारण भी शहर की यातायात व्यवस्था अराजक हो रही है।


KINETIC GREEN

कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम

पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी

फायदा ही फायदा

वजन में हल्की होने से सभी आयु वर्ग के लिए उत्तम

ZOOM ELECTRIC
ZING ELECTRIC
Perfomance 100 Km/Charge
Charging Time 3 hours No licence
No registration

अधिकृत विक्रेता

कार्तिक मोटर्स

सफर करने की अपनी स्वतंत्रता

संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

रत्ना गार्डन

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था

पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

गार्डन मात्र 51000/-

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

PRE. REGISTRATION साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)